State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Website: scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्रमांक / बी.एड. / डी.एड. प्रवेश / 2011–12 / 4018 रायपुर दिनांक 30.08.12

डी.एड. पाठ्यक्रम 2012–13 में प्रवेश हेतु अंतिम चरण की आबंटन प्रक्रिया

राज्य के डाइट, बी.टी.आई, अनुदान प्राप्त बी.टी.आई. एवं निजी शिक्षा महाविद्यालयों में डी.एड. पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु अंतिम चरण का आबंटन उपस्थित अभ्यर्थियों का प्री. डी.एड. परीक्षा 2012 के मेरिट के आधार पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् रायपुर द्वारा **शासकीय शिक्षा महाविद्यालय बी.टी.आई. ग्राउन्ड, शंकरनगर रायपुर में दिनांक 08.09.2012 को सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक किया जायेगा।** प्रक्रिया में सम्मिलित होने मात्र से सीट प्राप्त करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(अ) आबंटन कार्यक्रम निम्नानुसार होगा –

क्र.	दिनांक	जिस ओवर आल रैंक तक के अभ्यर्थी उपस्थित रहेगे	कोटा	समय	विशेष
1	**08.09.2012 शनिवार**	01 से 2000 तक	AIQ व CG	9.30 से 11.00 बजे तक	सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु
2		01 से 5000 तक	AIQ व CG	11.00 से 1.00 बजे तक	सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु
3		01 से 7500 तक	AIQ व CG	1.30 से 3.00 बजे तक	सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु
4		01 से 10000 तक	AIQ व CG	3.00 से 4.30 बजे तक	सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु
5		01 से 15000	AIQ व CG	4.30 से 5.30 बजे तक	सीट रिक्त रहने तक चाँस हेतु

(ब) इस आबंटन प्रक्रिया के लिए पात्रता–

1. जो अभ्यर्थी छ.ग. डी.एड. प्रवेश नियम 2007 एवं संशोधनों के अनुसार डी.एड. हेतु पात्रता रखते है।

2. जो प्री. डी.एड. परीक्षा 2012 में बैठे हैं तथा आनलाइन विकल्प फार्म भरा है और जिन्हें महाविद्यालय आबंटित नहीं हुआ है।

3. प्री.डी.एड. परीक्षा 2012 में शामिल हुए ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने पूर्व में कोई विकल्प फार्म नही भरा है तो यदि वे भारतीय स्टेट बैक के किसी भी शाखा में एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के पावर ज्योति एकाउन्ट क्रमांक 32402461389 में चालान के माध्यम से 300/– का शुल्क जमा करते है तथा चालान के एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के प्रति एवं अपने मूल प्रमाण पत्र (एक छायाप्रति सेट) के साथ उपस्थित होकर MKCL सेन्टर में पंजीयन कराते है तो उन्हें भी प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा। चालान का प्रारूप SCERT व MKCL के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

4. वे अभ्यर्थी जिन्हे महाविद्यालय आबंटित हुआ था परन्तु उन्होंने निर्धारित समय तक प्रवेश नहीं लिया, वे भी पात्र होगें। परन्तु उन्हें 300/– का चालान पुनः जमा करना होगा।

नोट – महाविद्यालयों में प्रवेश ले चुके अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किये जायेगे।

(स) अभ्यर्थियों के लिए निर्देश –

1. सीटों का आबंटन पूर्णतः प्री.डी.एड. परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा।
2. असुविधा से बचने के लिए इस प्रक्रिया के लिए इच्छुक अभ्यर्थी MKCL सेन्टर में जाकर Face to Face चरण के लिए दिनाक 03.09.2012 से 07.09.2012 तक 300/– का चालान जमा कर व आवश्यक दस्तावेजो का सत्यापन कराकर अपना पंजीयन करा सकते है जिसके उपरान्त

MKCL सेन्टर उन्हें एक पत्र जारी करेगे। MKCL सेन्टरों की जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट scert.cg.gov.in तथा http://oasis.mkcl.org/cgded से प्राप्त कर सकते है।

3. जो अभ्यर्थी पहले विकल्प फार्म भर चुके है और उन्हे महाविद्यालय आबंटित नही हुआ है या जिन्हे महाविद्यालय आबंटित हुआ परन्तु तय तिथि तक प्रवेश नही ले पाये वे अपना पंजीयन 03.09.2012 से 07.09.2012 तक स्वयं MKCL के वेबसाइट में जाकर कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थियों को आबटन स्थल में पंजीयन पत्र का प्रिन्टप्रति व जिन्हें चालान आवश्यक है वे चालान के एस.सी.ई.आर.टी. में मूल प्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा।
4. MKCL सेन्टर से प्राप्त पंजीयन के पत्र के साथ अभ्यर्थी को Face to Face आबंटन के लिए निर्धारित स्थल व समय पर उपस्थित होना होगा।
5. जब अभ्यर्थी को उनके मेरिट क्रम में बुलाया जायेगा।
6. आनलाइन आबंटन में अभ्यर्थी का नाम/रैंक सीट आबंटन हेतु पुकारे जाने पर तत्काल उपस्थित होना होगा अन्यथा उक्त सीट मेरिट में अगले क्रम के अभ्यर्थी को आबंटित कर दिया जायेगा। पुनः इस सीट पर अनुपस्थित अभ्यर्थी दावा नहीं कर सकेगा।
7. सीट रिक्त रहने तक ही आबंटन की कार्यवाही की जायेगी। जिस रैंक पर समस्त रिक्त सीट्स आंबटित हो जायेगी वहीं प्रक्रिया बंद कर दी जायेगी।
8. डाइट/बी.टी.आई. व महाविद्यालयों की रिक्त सीटों की जानकारी एवं आबंटन प्रक्रिया की जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट scert.cg.gov.in से प्राप्त कर सकते है।
9. डाइट दन्तेवाड़ा व निजी शिक्षा महाविद्यालयों को छोड़कर शेष संस्थाओं में जिले के अभ्यर्थी या जो उस जिलें में 12वीं उर्त्तीण किया है वे ही अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेगें।
10. आबंटित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के अन्दर प्रवेश लेना होगा, ऐसा नही करने पर सीट्स आबंटन स्वयमेव निरस्त हो जायेगा।

(द) उक्त आंबटन प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् जिन अभ्यर्थियों ने इस प्रक्रिया के लिए दिनांक 03.09.2012 से 07.09.2012 तक पंजीनय कराया उनमं से जिन्हें Face to Face आबंटन प्रक्रिया में सीट्स आबंटित नही हुई उनके नाम को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। उनमें से कुछ नाम आवश्यकतानुसार Face to Face चरण में यदि सीटे रिक्त रहती है तो महाविद्यालय 21 सितम्बर 2012 से 25.09.2012 तक इस प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों को प्रवेश दे सकेगे। प्रतीक्षा सूची से प्रवेश देते समय संस्था मेरिट का उल्लंघन नहीं करेगें।

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर